हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 आदमी को संयम के साथ जीवन जीना चाहिए: सुभाष



10 विद्यार्थियों ने मिलकर मच्छरजनित बीमारियों के..



## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की भिडंत में एक सवार की मौत

**जींद।** निडानी के निकट दो बाइकों के बीच हुई भिडंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर दूसरा चालक मौके से फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिंध्वीखेड़ा निवासी संजय अपने दोस्त की बाइक लेकर कार्यवश गांव लुदाना की तरफ गया था। देर शाम को जब वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। निडानी के निकट सामने से आ रहे तेजरफ्तार बाइक ने संजय की बाइक को टक्कर मार दी।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

**जींद।** औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि कैंपस में नैपिनो ऑटो एंड इलेक्ट्रोनिक्स, लिमिटेड द्वारा इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के अभ्यर्थियों के लिए 50 अप्रेंटिस पदों पर चयन किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में दो महिलाएं लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। राज नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी रोहतक रोड बाईपास के अस्पताल में गई थी। जहां से दोपहर बाद वह गायब हो गई। वहीं गांव उझाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 28 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। दोनों व्यक्तियों ने अपनी पत्नियो को तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा।

### पत्नी से मारपीट करने पर पति नामजद

**जींद।** गांव भौंसला में पत्नि के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भौंसला निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उसके पति रोहित से कहासुनी हो गई। जिस पर उसके पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। उचाना थाना पुलिस ने मुकेश की शिकायत पर उसके पति रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दादी तथा पौतों को पीटा दो लोगों पर मामला दर्ज

**जींद।** मालवी में दादी तथा उसके दो पौतों के साथ मारपीट करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मालवी निवासी कृष्णा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बोडनाथ तथा कपिल ने उसके पौते देव तथा चिराग को रास्ते में रोक कर मारपीट की। झगड़े की सूचना पाकर वह भी मौके पर पहुंच गई। जब उसने पौतों को छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों ने चंगुल से छुड़ाया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार बोडनाथ तथा कपिल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सील प्रॉपर्टी का ताला तोड़ कब्जा करने का आरोप

**कैथल।** बैंक की कब्जे वाली सील की प्रॉपर्टी में ताला तोड़ कब्जा करने का आरोप लगा है। पुलिस ने बैंक अधिकारियों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बैंक अधिकारियों ने बताया कि बैंक ने बलवान व ममता देवी को 21.04 लाख का लोन दिया था, जिसके बदले उनकी प्रॉपर्टी को मॉर्गेज रखा गया था। लोन न चुकाने पर खाता एनपीए घोषित कर सरफेजी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई।

# 85 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल

## सीसीआरएस, डीआरएम, एडीआरएम सहित दिल्ली से आई टीम ने देखा, हाइड्रोजन प्लांट का भी किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे जंक्शन पर मंगलवार को मुख्य रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) जनक कुमार गर्ग निरीक्षण के लिए पहुंचे। सुबह पौने 12 बजे अपने स्पेशल रेलवे कोच से हाइड्रोजन ट्रेन के निरीक्षण के लिए सीआरएस जींद पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण शुरू किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट की तकनीकी व्यवस्थाओं, सुरक्षा मानकों और हाइड्रोजन ट्रेन संचालन से जुड़ी तैयारियों की बारीकी से जांच की गई। इसके बाद दोपहर लगभग पौने तीन बजे वे ट्रेन को लेकर ट्रायल के लिए सोनीपत रूट के लिए रवाना हुए। उनके साथ डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी, एडीआरएम डिंपी गर्ग सहित अन्य टीम भी साथ में रवाना हुई। जैसे ही ट्रेन जंक्शन पर पहुंची तो ट्रेन को देखने के लिए यात्री उत्सुक नजर आए। ट्रेन के पास यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे कर्मियों ने स्पेलश अनाउंसमेंट करवाई कि वे रोहतक जाने के लिए हाइड्रोजन ट्रेन में नहीं चढ़ें। उनके लिए दूसरी ट्रेन इसी प्लेटफार्म पर थोड़ी देर में आएगी। यात्रियों ने ट्रेन के अंदर झांक कर देखा। इस यात्री ने ट्रेन के अंदर देख कर बोला कि इसमें सिर्फ पानी के कैन रखे हैं। वहीं यात्रियों ने ट्रेन के साथ सेल्फी भी ली। हाइड्रोजन प्लांट के निरीक्षण के बाद ट्रेन को ट्रायल पर लेकर जाने से पहले पत्रकारों से बातचीत में डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने कहा कि जब भी रेलवे नए प्रोजेक्ट को शुरू करता है तो उसमें जरूरी निरीक्षण किए जाते हैं। इसमें अलग-अलग निरीक्षण होते हैं। जिसमें अलग-अगल तरह के सुरक्षा निरीक्षण, आरडब्ल्यूएसओ ट्रायल सहित अन्य जांच की जाती है जो यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रख कर की जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार को सीसीआरएस मंगलवार को हाइड्रोजन प्लांट व ट्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने पहले हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया और उसके बाद ट्रेन का ट्रायल किया जाएगा। जिसकी रिपोर्ट वह उच्चाधिकारियों को सौंपेंगे। लगभग पौने तीन बजे हाइड्रोजन ट्रेन जींद जंक्शन के लिए रवाना हुई। जो दोपहर बाद दो बजकर 57 मिनट पर पांडू पिंडारा स्टेशन पर पहुंची। यहां 14 मिनट ठहराव के बाद ट्रेन दोपहर बाद तीन बजकर 11 मिनट पर आगे रवाना हुई। ट्रेन 5 बजे सोनीपत पहुंची। वहीं से सीसीआरएसए डीआरएम, एडीआरएम सहित दिल्ली से आई टीम अपने स्पेशल रेलवे यान में दिल्ली के लिए रवाना हुए। रास्ते में ट्रेन की ब्रेक व गति की जांच की गई। ट्रेन पांच बजे के बाद सोनीपत से जींद के लिए रवाना हुई। रास्ते में ट्रेन की स्पीड 85 किलोमीटर प्रति घंटा की रही।



जींद। हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### ट्रालियों में लादकर भेजी बाइक व स्कूटी

सीसीआरएस के दौरे को लेकर रेलवे प्रशासन पहले से पूरी तरह सतर्क नजर आया। सीसीआरएस के निरीक्षण से पहले जंक्शन के मुख्य गेट के बाहर खड़ी यात्रियों की बाइक व स्कूटी हटाने के लिए पहले अनाउसंमेंट करवाई गई। इसके बाद भी जब यात्री बाइक व स्कूटी हटाने के लिए नही पहुंचे तो वहां से ट्रालियों में भर कर यात्रियों के दोपहिया वाहन को दूसरी जगह भेजा गया। बुधवार को सीसीआरएस द्वारा हाइड्रोजन ट्रेन का जींद से सोनीपत के बीच ट्रायल किया जाएगा। इसके बाद और भी प्रक्रिया होती हैं।

### लेटेस्ट तकनीक का प्लांट जींद जंक्शन पर बन रहा

डीआरएम ने कहा सबसे लेटेस्ट तकनीक का प्लांट जींद जंक्शन पर बन रहा है। इसके लिए कर्मचारियों को भी ट्रेनिंग दी जा रही है। नई तकनीक के दौरान कुछ समस्याएं सामने आती हैं लेकिन रेलवे कर्मचारी और अधिकारी नए चीजें खोज कर लाइबल आपरेशन के लिए प्रयासरत है। ट्रेन के जल्द ट्रेक पर आने के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि सभी चीजों का सफलतापूर्वक निरीक्षण होने के बाद ही यात्रियों के लिए नई सौगात लाई जाएगी। रेलवे के लिए यात्रियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। ऐसे में जब तक सुरक्षा के लिहाज से सभी चीजें सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक ट्रेन चलने में समय लग सकता है।

## ...और स्वास्थ्य व आयुष विभाग के बीच खींचतान हुई बंद

# पंचकर्म केंद्र के लिए नागरिक अस्पताल में चार कमरे उपलब्ध करवाएगा विभाग

## पालीक्लीनिक में कैथ लैब स्थापित करने का रास्ता साफ

**डिप्टी डायरेक्टर समेत कई अधिकारियों ने जींद का दौरा किया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गत एक माह से आयुष तथा स्वास्थ्य विभाग के बीच चल रही खींचतान का मंगलवार को पटाक्षेप हो गया। स्वास्थ्य विभाग पंचकर्म केंद्र के लिए नागरिक अस्पताल में चार कमरे उपलब्ध करवाएगा। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। कमरे मिलते ही पालीक्लीनिक से पंचकर्म केंद्र नागरिक अस्पताल में शिफ्ट हो जाएगा। जब तक पंचकर्म केंद्र शिफ्ट नहीं होता तब तक पंचकर्म केंद्र पालीक्लीनिक में ही चलता रहेगा और सभी कर्मचारी व अधिकारी वहीं काम करते रहेंगे। शिफ्ट होने के बाद सभी अधिकारी व कर्मचारी नागरिक अस्पताल में आ जाएंगे और यहां पंचकर्म केंद्र चलाएंगे। स्वास्थ्य विभाग अपने सेक्टर 8 स्थित पालीक्लीनिक में कैथ लैब स्थापित करना चाहता है। जब यहां पर कमरों की व्यवस्था देखी तो लगभग दस कमरों में आयुष विभाग के पंचकर्म केंद्र का काम चल रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने पंचकर्म केंद्र को नागरिक अस्पताल में चल रही आयुष की ओपीडी में शिफ्ट करने को पत्र लिखा। इसके बाद ही मामला बढ़ता चला गया। एक अप्रैल को सिविल सर्जन ने पंचकर्म केंद्र में एनएचएम के तहत कार्यक्रम एक चिकित्सक व सात कर्मचारियों की ड्यूटी नागरिक अस्पताल में लगा दी। इससे पंचकर्म का काम बंद हो गया। जांच के लिए अप्रैल को आई थी कमेटी गत 10 अप्रैल को आयुष विभाग के डिप्टी डायरेक्टर समेत कई अधिकारियों ने जींद का दौरा किया था। 24 अप्रैल को आयुष निदेशालय की तरफ से पत्र जारी कर कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग को नागरिक अस्पताल में चार कमरों की व्यवस्था करनी होगी। जब तक इन कमरों की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक पंचकर्म केंद्र पालीक्लीनिक में ही चलता रहेगा। आयुष निदेशालय ने नागरिक अस्पताल में काम कर रहे चार थेरेपिस्ट व एक अटेंडेंट की ड्यूटी तुरंत पंचकर्म केंद्र में वापस लगाने के निर्देश भी दिए थे। सोमवार को इन कर्मचारियों की ड्यूटी पंचकर्म केंद्र में वापस लग गई थी।



जींद। सेक्टर आठ स्थित पालीक्लीनिक।

### एक सप्ताह में तैयार कर लिया जाएगा

जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने चार कमरे नागरिक अस्पताल में ही उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। इन कमरों को एक सप्ताह में तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद पंचकर्म केंद्र पालीक्लीनिक से इन कमरों में शिफ्ट हो जाएगा। आयुष विभाग को पंचकर्म केंद्र चलाने के लिए कमरों की जरूरत थी, जो अब पूरी हो जाएगी।

### दोनों विभागों के बीच सहमति बनी

मंगलवार को स्वास्थ्य व आयुष विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कहा गया कि वह नागरिक अस्पताल में पंचकर्म के लिए चार कमरे उपलब्ध करवा देगा। इन कमरों के तैयार होने में एक सप्ताह का समय लगेगा। जब यह कमरे तैयार हो जाएंगे तो पंचकर्म केंद्र यहां शिफ्ट हो जाएगा। इन कमरों में कुछ मरम्मत का कार्य बाकी है, जिसे एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दोनों विभागों के बीच सहमति बनी।



विद्युत प्रसारण निगम कार्यालय के गेट पर मीटिंग कर रोष प्रदर्शन करते कर्मचारी।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

विद्युत प्रसारण निगम कार्यालय में सब यूनिट राजौंद के कर्मचारियों द्वारा मुख्य गेट पर रोष गेट मीटिंग की। मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने की, जबकि मंच संचालन जॉइंट सेक्रेटरी रमन ने किया। कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों को उठाते हुए बताया कि राजौंद के कई कर्मचारियों-मनोज कुमार, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार (लाइनमैन), जेई जगदीश और जेई सतीश—की चार्जशीट का जवाब दिए दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक एसई कैथल व एसई एचआर पंचकूला द्वारा कोई समाधान या निर्णय नहीं लिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि इस देरी के कारण वे प्रमोशन, एसीपी सहित अन्य लाभों से वंचित हैं, जबकि अधिकारियों के मामलों का समाधान कर उन्हें पदोन्नति दी जा चुकी है।इसके अलावा कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उप मंडल अधिकारी (एसडीओ) राजौंद कार्यालय में समय पर नहीं आते, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है और स्टाफ भी मानसिक दबाव में रहता है।उन्होंने यह भी बताया कि सब डिवीजन राजौंद में कर्मचारियों की भारी कमी है, इसके बावजूद यहां के कर्मचारियों से कैथल डिवीजन में कार्य लिया जा रहा है, जबकि वेतन राजौंद कार्यालय से दिया जाता है। कर्मचारियों ने कार्यालय भवन की जर्जर स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि किसी भी समय कोई हादसा हो सकता है, लेकिन इस ओर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने चेतावनी दी जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं आंदोलन जारी रहेगा।

# फतेहपुर में बिजली की तारों से निकली चिंगारी से गन्ने का बीज जलकर खाक

80 हजार रुपये का नुकसान, बिजली निगम पर लापरवाही का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फतेहपुर में एक किसान की मेहनत पर उस समय पानी फिर गया, जब खेत में खड़ी गन्ने की फसल आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। आग लगने का कारण ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली की ढीली तारों को बताया जा रहा है। इस हादसे में किसान को करीब 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान गुरनाम पाल ने बताया कि उन्होंने करीब 6 एकड़ जमीन में गन्ने की बिजाई के लिए बीज तैयार कर रखा था। खेत के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली की तारें काफी समय से ढीली थीं। तेज हवा के चलते ये तारें आपस में टकरा गईं, जिससे चिंगारियां निकलीं और नीचे खड़ी गन्ने की फसल में आग लग गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने तुरंत गुरनाम पाल को इसकी सूचना दी, लेकिन जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग पूरी फसल को अपनी चपेट में ले चुकी थी। देखते ही देखते पूरी फसल जलकर राख हो गई। इस घटना के बाद किसान के सामने गन्ने की दोबारा बिजाई के लिए बीज की भी समस्या खड़ी हो गई है। गुरनाम ने बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते कहा कि पहले भी कई बार ढीली तारों को ठीक कराने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते तारों की मरम्मत कर दी जाती, तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था। उन्होंने प्रशासन से नुकसान की भरपाई और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।



# जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने एनर्जी ड्रिंक व आइसक्रीम के लिए भरे सैंपल

## पेयपदार्थ लेते समय खास सावधानी बरतने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने मंगलवार दोपहर को शहर में शिव चौक व भारत सिनेमा के आसपास की दुकानों से सैंपल लिए। टीम ने शक्कर का एक, एक आइसक्रीम व तीन सैंपल एनर्जी ड्रिंक के लेकर जांच के लिए भेजे हैं। सैंपल जांच रिपोर्ट सामने आने पर ही आगामी कार्रवाई होगी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि शिव चौक स्थित एक दुकान से शक्कर का सैंपल लिया गया। इसी प्रकार भारत सिनेमा के पास स्थित एक दुकान से आइसक्रीम का सैंपल लिया है। इसी प्रकार आसपास की तीन दुकानों से कैफेनेटिड एनर्जी ड्रिंक के तीन सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। इनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। डा. कादियान ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयपदार्थ लेते समय खास सावधानी बरतने की जरूरत है। अच्छी गुणवत्ता के ही पेय पदार्थ लोगों को पीने चाहिएं। गर्मी के मौसम में नकली पेय पदार्थ पीने से व्यक्ति तुरंत बीमार पड़ सकता है। लोगों को सही गुणवत्ता के पेय व खाद्य पदार्थ मिलते रहें। इसलिए समय-समय पर इन पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाते हैं।



## चुनाव प्रक्रिया के तहत वार्ड से केवल एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ था

# वार्ड नंबर-11 से शालिनी निर्विरोध पार्षद घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए शालिनी को मंगलवार को निर्विरोध पार्षद घोषित कर दिया गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत इस वार्ड से केवल एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ था, जिसके बाद प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें विजयी घोषित किया गया।

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 11 अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए आरक्षित है। वर्ष 2022 में हुए नगर निकाय चुनाव में इस वार्ड से राजवीर वाल्मीकि पार्षद निर्वाचित हुए थे। हालांकि, कुछ समय पूर्व बीमारी के चलते उनके निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। इसके चलते निर्वाचन विभाग द्वारा उपचुनाव की घोषणा की गई थी।चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 28 अप्रैल को नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। इसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाना प्रस्तावित था। 10 मई को होने वाले उपचुनाव के लिए वार्ड नंबर 11 से सिर्फ शालिनी का ही नामांकन दाखिल हुआ था। नामांकन पत्रों की जांच और निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी अन्य उम्मीदवार के न होने के कारण उन्हें निर्विरोध पार्षद घोषित किया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी कृष्ण कुमार, नायब तहसीलदार स्नेहा, नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



वार्ड नंबर 11 से शालिनी को निर्विरोध पार्षद घोषित किए जाने के दौरान रिटर्निंग अधिकारी पार्षद , शालिनी को प्रमाण पत्र देते हुए।

### ढांड सरपंच उपचुनाव: नामांकन वापसी के बाद मुकाबला दो प्रत्याशियों में सिमटा

**नरेश ढांड़ा ढांड।** प्रदेश में चल रहे उपचुनाव के तहत मंगलवार को नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि पर कस्बा ढांड में सरपंच पद का चुनाव रोचक मोड़ पर पहुंच गया। नामांकन वापसी के बाद मुकाबला केवल दो प्रत्याशियों के बीच रह गया है। निर्वाचन अधिकारी राजीव काजल ने बताया कि सरपंच पद के लिए 8 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से 6 ने नामांकन वापस ले लिए। इसके बाद अब चुनाव मैदान में केवल जसबीर सिंह और महेंद्र सिंह ही शेष रह गए हैं। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जसबीर सिंह को 'साइकिल' और महेंद्र सिंह को 'गिलास' चुनाव चिन्ह आवंटित किया है। बताया कि बलबीर सिंह, रणदीप सिंह, रणधीर सिंह, रजनीश, राकेश कुमार और संजय कुमार ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। अब सरपंच पद के लिए मतदान 10 मई को आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेते हुए शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करें।

# विवि मैस में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

- वीसी के पीए के समझाए जाने पर अपने होस्टलों में चले गए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआरएसयू मैस के लिए गैस सिलेंडर न मिलने से खफा होकर मंगलवार शाम को छात्र व छात्राओं ने वीसी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। वीसी के पीए द्वारा समझाए जाने पर छात्र अपने होस्टलों में चले गए। सीआरएसयू मैस में रसोई गैस सिलेंडर खत्म होने पर मंगलवार दोपहर बाद छात्र सत्यम तथा मॉर्डन गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने पहुंचे। दोनों एजेंसियों की कॉपी छात्रों के पास थी। बावजूद इसके उन्हें गैस सिलेंडर नही मिले। जिससे खफा होकर छात्र वीसी कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रा व छात्राओं का कहना था कि बिना गैस के खाना कैसे बनेगा। छात्र व छात्राओं के बिफरने की सूचना पाकर वीसी के पीए सुरेश कुमार छात्रों के पास पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का हल निकालने की बात कह कर छात्रो को शांत किया। मैस के लिए गैस सिलेंडर न मिलने के बारे मे डीसी कार्यालय को भी अवगत करवाया । विवि पीआरओ डा. अरूण ने बताया कि फिलहाल व्यवस्था कर ली गई है। सुबह मैस के लिए गैस सिलेंडर मिल जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### घर में घुस महिला से मारपीट, तीन नामजद

**जींद।** गांव लोन घर में घुस कर महिला से मारपीट करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
गांव लोन निवासी संतरो ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अजमेर परिवार से कहासुनी हो गई। जिस पर अजमेर परिवार ने घर में घुस आया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। गढ़ी थाना पुलिस ने संतरों की शिकायत पर संदीप, समीर, अजमेर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला करने पर छह के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव लिजवाना कलां में रंजिशन हमला कर चार लोगों को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लिजवाना कलां निवासी रणबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बलजीत परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। गत दिवस वह अपने घर जा रहा था। उसी दौरान नवनीत तथा योगेश ने उसे गाड़ी से टक्कर मारी। जिसमें वह साइड में गिर गया। वह शोर मचाता हुआ अपने घर की तरफ भागा। जिसके बाद बलजीत परिवार ने डंडे तथा लाठियां ले कर उनके घर के सामने आ गए और गाली गलौज करने लगे। जब परिवार ने विरोध किया तो बलजीत परिवार ने हमला कर दिया।

### अशोक बने भाजपा जन कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष

**उचाना।** अशोक गर्ग तिलकधारी को राष्ट्रहित में सेवाओं के महत्व को देखते हुए भाजपा जन कल्याण मंच का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय कोर कमेटी का आभार प्रकट किया। गर्ग ने बताया कि इस नियुक्ति को लेकर मंच के राष्ट्रीध्यक्ष एवं संस्थापक दर्शन आर शाह द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया है। ये कार्यकाल 21 अप्रैल 2027 तक रहेगा। संगठन की नीतियों, उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। संगठन के पांच प्रमुख सिद्धांतों राष्ट्रीयवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता (सर्व धर्म समभाव), गांधीवादी समाजवाद (सामाजिक-आर्थिक विषयों) को जन-जन तक पहुंचाना है।

### एसडीएम ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**अलेवा।** अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्या सुन कर समाधान कराने के लिए उचाना के एसडीएम रमित यादव की अगुवाई में एक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीडीपीओ जयपाल सिंह ने की। इसमें मुख्य तौर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन रामपाल शर्मा व उप चेयरमैन शमशेर सैनी नगूरां ने हिस्सा लिया। दूसरे सप्ताह लगाए समाधान शिविर में बिजली से सबंधित फैमिली आई डी, पानी की समस्या, गली में भरे पानी व राशन कार्ड कटने समेत लगभग 32 शिकायतें आई।

### नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के नेतृत्व में आगामी नौ मई को जींद, नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा व प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सीजेएम मोनिका ने बताया कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामले में राष्ट्रीय लोक अदालत काफी कारगर सिद्ध हो रही है।

### क्रिकेट टीम का ट्रायल 29 व 30 अप्रैल को

**जींद।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से वर्ष 2026-27 के लिए जींद जिले की क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन होगा। जींद क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव केके चहल ने बताया की हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ट्रायल के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। ट्रायल पिंडारा स्थित रॉयल स्पोर्ट्स अकादमी में 29 व 30 अप्रैल का आयोजन की जाएगी।

---

हरियाणा कला परिषद् के सहयोग से तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह

# आदमी को संयम के साथ जीवन जीना चाहिए: सुभाष

## इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण रहे मुख्यातिथि

**कलाकारों ने अपनी कला से दिखाई समाज की मार्मिकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि

शैडो चिल्ड्रेन रिसर्च सेंटर फॉर थिएटर एंड टीवी और संस्कार भारती इकाई जींद के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा कला परिषद् के सहयोग से तीन दिवसीय जयंती नाट्य समारोह के दूसरे दिन का शुभारंभ राजकुमार ने अपनी बांसुरी वादन और दीप प्रज्जवलित करके किया। शैडो ग्रुप की अध्यक्ष सुनीता भट्टी ने बताया कि जयंती समारोह के दूसरे दिन मीरा कल्चर सोसाइटी भिवानी द्वारा हिंदी नाटक राम सजीवन की प्रेम कथा का मंचन हुआ। जो उदय प्रकाश की कहानी पर आधारित है। नाटक कर निर्देशन सोनू रोंझिया द्वारा किया गया। जयंती नाट्य समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण रहे। उन्होंने कहा कि यह नाटक उच्च स्तर की दार्शनिकता की बात करता है। आदमी को संयम के साथ जीवन जीना चाहिए और जीवन में एकतरफा नही सोचना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. प्रियदर्शी ने कहा कि नाटक जीवन में अनेक तरह के पड़ावों से गुजरता है और नाटक और जीवन के दूसरे को प्रभावित करता है। बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट प्रमोद गहलोत ने सभी कलाकारों के अभिनय की सराहना की और नाटक के संदेश को जीवन में आत्मसात करने को कहा। नाटक का कथानक उदय प्रकाश द्वारा लिखा नाटक राम सजीवन की प्रेम कथा एक साधारण, उपेक्षित लेकिन भीतर से बेहद संवेदनशील युवक राम सजीवन की है। जो समाज के निचले तबके से आता है। वह पढ़ा-लिखा है, सपने देखता है और प्रेम जैसी मानवीय भावना को बहुत पवित्र रूप में महसूस करता है लेकिन उसकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति उसे हर बार पीछे धकेल देती है। राम सजीवन शहर में पढ़ाई करता है। वहीं उसे एक उच्च वर्ग की सुंदर और आत्मविश्वासी लड़की से प्रेम हो जाता है। यह प्रेम एकतरफा है। लड़की को उसके अस्तित्व का शायद ही कोई बोध हो। राम सजीवन उसे दूर से देखता है, उसकी कल्पनाओं में जीता है और अपने भीतर एक प्रेमलोक बना लेता है। धीरे-धीरे यह प्रेम उसके लिए प्रेरणा भी बनता है और पीड़ा भी। लेकिन हर कोशिश उसे यह अहसास कराती है कि समाज में वर्ग, हैसियत और दिखावे की दीवारें कितनी ऊंची हैं। राम सजीवन का प्रेम कभी व्यक्त नही हो पाता। वह केवल कल्पनाओं, सपनों और आत्मसंवाद में ही जीता रहता है। दरअसल यह नाटक राम सजीवन की प्रेम कथा प्रेम उस लड़की से कम और समाज की वस्तुगत परिस्थितियों और वर्गीय अंतर भेदों को दिखाता है। इस नाटक में बताया गया है की वर्गीय अंतर विरोधों में सिर्फ नारे ही नही लगते, कविताएं ही नहीं लिखी जाती। यह प्यार जैसी कई चीजें इसके हाथों मारी भी जाती हैं। यह नाटक प्रेम कथा के रूप में शुरू होती है लेकिन अंत तक आते-आते यह एक गहरी सामाजिक टिप्पणी बन जाती है। राम सजीवन का प्रेम असफल जरूर है पर उसी के माध्यम से लेखक समाज की कठोर सच्चाइयों और एक आम आदमी के भीतर चल रहे भावनात्मक संघर्ष को उजागर करते हैं। नाटक के लेखक उदय प्रकाश रहे जबकि निर्देशक सोनू रोंझिया रहे।

**ये रहे मौजूद**

नाटक में धीरज सिंह नेगी ने शीतल पहल, नवीन डोंडियाल ने अंकित जांगड़ा, शिरीष मिश्र ने आदित्य सैनी, असलम अख्तर ने अनूप कुमार, केके नवीन कुमार, रामसजीवन का पुलकित आर्य व लड़का अमन कुमार, वार्डन हरपाल सिंह, अनीता चंदीला का नैन कौशिक व लाइट्स डिजाइन विश्वजीत का रहा। डा. प्रोफेसर प्रीति द्वारा सफल मंच संचालन किया किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हिमानी गुप्ता, नरेंद्र अत्री, दीपक कौशिक, ओम प्रकाश चौहान, रिशी नागर, शैडो ग्रुप की अध्यक्ष सुनीता भट्टी, सचिन बड़ाला, रिषि नागर, जितेंद्र अहलावत, रमेश मूर्ति, एडवोकेट घनश्याम जैन, राष्ट्रीय युवा अवार्डी सुभाष ढिगाना, अंकित शर्मा, डा. हनीफ रहे।

---



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## जींद: जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए किया प्रेरित

- मोतीलाल स्कूल में ट्रैफिक रूल्स पर जागरूकता गतिविधि का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की सैपलिंग शाखा में विद्यार्थियों के समग्र विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रैफिक रूल्स अवेयरनेस एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। यह गतिविधि प्रभारी पूजा पसरीजा की देखरेख एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों से संबंधित गीत, कविताएं और स्लोगन प्रस्तुत किए। छोटे-छोटे बच्चों ने अत्यंत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ स्टॉप, लुक एंड गो, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करो, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करो जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल उपस्थित शिक्षकों का मन मोह लिया बल्कि सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीरता से सोचने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण को ट्रैफिक थीम के अनुसार सजाया गया था। बच्चों के लिए एक छोटा मॉडल ट्रैफिक पार्क तैयार किया गया था। जिसमें सड़क, जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक लाइट्स और संकेत चिह्नों को वास्तविक रूप में प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने इस मॉडल के माध्यम से विभिन्न ट्रैफिक संकेतों को पहचाना और उनके महत्व को समझा। शिक्षकों ने बच्चों को खेल-खेल में ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शिक्षा दी। जिससे सीखने की प्रक्रिया रोचक और प्रभावी बन गई। गतिविधि के दौरान बच्चों ने विभिन्न भूमिकाएं निभाई। जिनमें ट्रैफिक पुलिस, पैदल यात्री, वाहन चालक आदि रही। इस रोल प्ले के माध्यम से उन्होंने सीखा कि सड़क पर कैसे व्यवहार करना चाहिए, कब रुकना चाहिए और कब आगे बढना चाहिए। विशेष रूप से जेब्रा क्रॉसिंग का सही उपयोग, लाल, पीला और हरा सिग्नल का अर्थ तथा सड़क पार करने के नियम बच्चों को विस्तार से समझाए गए।

---

## बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत मॉपअप दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मॉपअप दिवस मनाया गया। मॉप दिवस पर विशेष अभियान चला कर उन बच्चों को गोलियां खिलाई गई, जो किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की गोली नही खा पाए थे। जाजवान व ढांडा खेड़ी गांव में 1 से 19 वर्ष तक के जो बच्चे किसी कारणवश कृमि मुक्ति दिवस पर गोली नही खा पाए थे, उन बच्चों का एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों (कृमि) से मुक्त कर उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार करना है। सुशील शर्मा, सुनीता कुमारी व रिनु शर्मा ने स्कूलों में पहुंच कर उन बच्चों को दवा दी जो मुख्य दिवस पर किसी कारणवश दवा लेने से वंचित रह गए थे। आंगनवाड़ी वर्करों, आशा वर्करों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा खिलाई और अभिभावकों को जागरूक किया। इस अभियान में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा, सुनीता कुमारी व रिनु शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई और बच्चों को दवा खिलाने के साथ-साथ लोगों को कृमि संक्रमण से बचाव के बारे में जानकारी दी। कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा प्रभाव डालता है। जिससे कमजोरी, एनीमिया और पढ़ाई में ध्यान की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एल्बेंडाजोल की गोली इन कीड़ों को खत्म करने में प्रभावी होती है और यह पूरी तरह सुरक्षित दवा है। अभियान के दौरान अभिभावकों व बच्चों को साफ.-सफाई बनाए रखने, हाथ धोने की आदत अपनाने और खुले में शौच न करने के प्रति भी जागरूक किया गया व अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को संतुलित आहार का सेवन करवाएं ताकि वे स्वस्थ और मजबूत बन सकें। इस दौरान स्कूल स्टाफ नरेश, जोगिंद्र, ममता, अंग्रेज, मुकेश, अनिल, कपूर व आशा वर्कर अंजू, कविता, बिमला, राजकुमारी, कमलेश आदि मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ट्रायल में बच्चों ने लिया भाग

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में मंगलवार को दो एनसीसी ऑफिसर, एक ट्रेनर व एक एएनओ के निरिक्षण में विद्यालय के 53 छात्रों ने शारीरिक मापदंड को अच्छे प्रदर्शन के साथ पूर्ण किया। एएनओ रामफल ने बताया कि छात्रों ने एनसीसी कैडेट्स ट्रायल में भाग लिया। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी 53 बच्चों ने यह शारीरिक मापदंड भलीभांति पूरा किया। छात्रों के लिए शारीरिक मापदंड में 800 मीटर रेस, शटल रेस, मेडिकल, रिटन टैस्ट के नियम निर्धारित किए गए थे। विद्यालय में समय से एनसीसी ट्रायल को शुरू करते हुए एनसीसी ऑफिसर ने पूरी ईमानदारी से छात्रों का टेस्ट लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने एनसीसी ट्रायल में भाग लेने वाले सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के एनसीसी कैडेट्स कल देश का सैन्य बल बढ़ाएंगे।

## गेहूं उठान तेज करने के निर्देश

- एसडीएम ने गेहूं की खरीद, उठान को लेकर समीक्षा मीटिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



एसडीएम रमित यादव ने गेहूं की खरीद, उठान को लेकर समीक्षा मीटिंग बुलाई। खरीद एजेंसी अधिकारी, मार्केट कमेटी सचिव, मंडी एसो पदाधिकारी मीटिंग में पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के निर्देश पर मीटिंग बुलाई गई है। जो गेहूं उठान की रफ्तार है उसको तेज करने की मांग आढ़तियों द्वारा की गई है। हर रोज उचाना मंडी में कम से कम 60 से 70 हजार गेहूं के बैगों का उठान होना चाहिए। ऐसे ही छात्तर सब यार्ड एवं जो परचेज सेंटर है वहां भी रफ्तार गेहूं उठान की पहले से तेज होनी चाहिए। वेयर हाऊस, खादय आपूर्ति विभाग एवं हैफेड को निर्देश दिए गए कि उनके पास अगर गेहूं के बैगों का स्पेश गोदामों में कम है तो वो शैड के नीचे या कोई दूसरी जगह देखे जो ऊपर से ढकी हो। कहा कि वो हर रोज उठान की रिपोर्ट भेजे ताकि पता लग सकें कि मीटिंग के बाद कितना असर उठान पर हुआ है। जब तक गेहूं का उठान नहीं होगा तो किसान के खाते में पेमेंट नहीं आएगी। किसी तरह की कोताही गेहूं उठान में हुई जो नियमानुसार कार्यवाही होगी वो अमल में लाई जाएगी। किसी सूरत में उठान की रफ्तार धीमी हुई तो उसको सहन नहीं किया जाएगा। किसान, आढ़ती को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। अब तक उचाना 444298 क्विंटल का उठान उचाना में हो चुका है। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, मंडी प्रधान विकास पंघाल, एमएलसी उचाना सुभाष, सचिव योगेश गुप्ता, मैनेजर यशपाल, मैनेजर सुनील, इंस्पेक्टर अजय कुमार, सतीश नचार मौजूद रहे।

---




उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

### आंबेडकर सामाजिक न्याय व समानता के स्तंभ : देवेंद्र

**उचाना।** बड़ौदा गांव के कन्या पाठशाला के पास बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, मनोनित पार्षद नरेश सौंगरी का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से डॉ. भीमराव आम्बेडकर के जीवन, विचारों एवं संविधान की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश गया। अत्री ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक न्याय और समानता के स्तंभ थे। उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को अधिकार दिलाने और समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। समाज के लोगों ने उनके सामने आम्बेडकर भवन की चार दिवारी, लाइब्रेरी बिल्डिंग सहित अन्य मांग रखी जिन्हें जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संजय चहल, सुरेंद्र बड़ौदा, अमरदास, सज्जन शास्त्री, राज बड़ौदा, रमेश राणा, भारतभूषण टाक, धर्मपाल फौजी, सत्यवान सागर, प्रवीण गर्ग, सत्यवान दुर्जनपुर, प्रमोद पालवां, कर्म सिंह बड़ौदा मौजूद रहे।

## जिले में जल संचय के लिए किए कार्यों को करें समयबद्ध पोर्टल पर अपलोड : उपायुक्त

- जल शक्ति, जन भागीदारी अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करें विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जल शक्ति, जन भागीदारी अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में पूरा किया जाए। जिला में जल संचय को लेकर किए गए सभी कार्यों की फोटो सहित विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल पर समयबद्ध अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम पंचायतों और आमजन से जल संचयन एवं संरक्षण के कार्यों में सक्रिय सहयोग की अपील भी की। डीसी मंगलवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अभियान से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जल शक्ति अभियान को जन भागीदारी अभियान रूप देना जरूरी है ताकि इसके स्थायी और सकारात्मक परिणाम सामने आ सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पारंपरिक जल स्त्रोतों के नवीनीकरण, वाटरशेड विकास तथा रीयूज एवं रिचार्ज संरचनाओं के निर्माण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इन प्रयासों से जहां भूजल स्तर में सुधार होगा। वहीं सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। बैठक में डीसी ने जल शक्ति अभियान पोर्टल पर जल संचयन जन भागीदारी (जेएसजेबी 2.0) के तहत विभिन्न विभागों द्वारा अधिक से अधिक डेटा अपलोड करने के निर्देश भी दिए ताकि कार्यों की प्रगति का सही आकलन किया जा सके। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, सिंचाई विभाग के एसई पुनित राय, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता विकास गिरधर, डीडीए गिरीश नागपाल, राकेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



उचाना। भजन-कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### जीवन में हमेशा रखें सकारात्मक दृष्टिकोण : अशोक

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि आपका चिंतन ही आपको सुखी बनाता है और आपका चिंतन ही आपके जीवन में दुःख का कारण भी बनता है। इस दुनिया में लोग इसलिए दुःखी नहीं कि उन्हें किसी बात की कमी है अपितु इसलिए दुखी हैं कि उनके सोचने का ढंग नकारात्मक है। सकारात्मक सोचो और सकारात्मक देखो, इससे आपको अभाव में भी जीने का आनन्द प्राप्त होगा। दुःख में सुख खोज लेना, हानि में लाभ खोज लेना, प्रतिकूलताओं में भी अवसर खोज लेना इसको ही सकारात्मक दृष्टिकोण कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन का ऐसा कोई बड़े से बड़ा दुःख नहीं जिससे सुख की परछाइयों को न देखा जा सके। जिन्दगी की ऐसी कोई बाधा नहीं जिससे कुछ प्रेरणा न ली जा सके। रास्ते में पड़े हुए पत्थर को आप मार्ग की बाधा भी मान सकते हैं और चाहें तो उस पत्थर को सीढ़ी बनाकर ऊपर चढने का साधन भी बना सकते हैं। जीवन का आनन्द तो वही लोग उठा पाते हैं, जिनका सोचने का ढंग सकारात्मक होता है। नकारात्मकता त्यागें, सकारात्मक सोचें और जीवन को आनंद से जीएं।

---

राजकीय मिडल स्कूल ढांडा खेड़ी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया

# विद्यार्थियों ने मिलकर मच्छरजनित बीमारियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




जींद। दरवाजे पर पंपलेट चस्पा करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए राजकीय मिडल स्कूल ढांडा खेड़ी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बच्चों को मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा स्कूल की कक्षों और दरवाजों पर जागरूकता पम्पलेट चस्पा किए गए। कार्यक्रम के दौरान सुशील शर्मा व एमपीएचडब्ल्यू सुनीता कुमारी ने बच्चों को बताया कि मच्छरजनित बीमारियां गंदे पानी के जमा होने और आसपास साफ.-सफाई की कमी के कारण तेजी से फैलती हैं। उन्होंने समझाया कि मलेरिया व डेंगू का मच्छर पानी मे अपना जीवन चक्र पूरा करता है। ऐसे में पानी को कहीं भी एकत्रित न होने देना बेहद जरूरी है। बच्चों को जागरूक करते हुए बताया गया कि वे हमेशा पूरे बाजू के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें और घर के आसपास पानी जमा न होने दें। इसके अलावा कूलर, गमले, टायर व पानी की टंकियों को नियमित रूप से साफ रखने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य टीम ने यह भी बताया कि बुखार, ठंड लगना, शरीर में दर्द या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवानी चाहिए। अभियान के दौरान स्कूल के दरवाजों और प्रमुख स्थानों पर मच्छरजनित बीमारियों से बचाव संबंधी पम्पलेट चस्पा किए गए ताकि बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी इन जानकारियों से अवगत हो सकें। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों में सतर्कता बढ़ाना है ताकि समय रहते मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे घर जाकर अपने परिवार के सदस्यों को भी इन बातों की जानकारी दें और साफ.-सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। अभियान के दौरान अध्यापकों, स्वास्थ्य कर्मी एवं आशा वर्कर उपस्थित रहे और सभी ने मिल कर मच्छरजनित बीमारियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



जींद। जागरूकता रैली को रवाना करते प्राचार्य सत्यवान मलिक। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों ने नाटक प्रस्तुत कर नशे पर किया कटाक्ष

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में एंटी ड्रग्स अवेयरनेस समिति एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों ने हुड्डा मार्केट, डीआरडीए के पास नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो विशेष रूप से युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हम विद्यार्थियों और समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत कर सकते हैं। हमें मिल कर एक नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में फैल रही नशे की समस्या पर प्रभावशाली संदेश दिया और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एंटी ड्रग्स अवेयरनेस समिति के संयोजक डा. भगवानदास एवं सांस्कृतिक समिति के संयोजक डा. संदीप कुमार के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### माल ढुलाई गाड़ी मुख्य बिजली लाइन से टकराई

**कलायत।** कलायत उप मंडल मुख्यालय के नजदीक नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान अचानक एक माल ढुलाई गाड़ी अनियंत्रित होकर मुख्य बिजली लाइन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली की लाइन के कई पोल उखडक़र सडक़ पर झुक गए। जिससे कुछ समय के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोगों ने बताया कि किसी अन्य को बचाने के प्रयास में माल ढुलाई गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। इससे वह सीधे हाईवे किनारे खंभे व बिजली लाइन से जा टकराई। घटना के समय सडक़ पर आवाजाही जारी थी। लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

### मंत्री राजेश नागर से की सौहार्दपूर्ण मुलाकात

**पूंडरी।** मैरिज पैलेस एसोसिएशन के प्रधान गौरव वालिया एडवोकेट ने हरियाणा सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेश नागर से मुलाकात कर सामाजिक विषयों एवं जनजागरूकता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारियों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर सामाजिक मूल्यों, संस्कारों और मानवता की भावना को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा, नैतिकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है।

### परशुराम प्रकट उत्सव के लिए दिया निमंत्रण

**पूंडरी।** सर्व ब्राह्मण सभा हल्का पूंडरी के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के अनेक गांवों व पिहोवा पहुंचकर गौड़ व सारस्वत ब्राह्मण सभा को 30 अप्रैल, बृहस्पतिवार को पूंडरी में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम प्रकट उत्सव का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर खाटू श्याम मंदिर से जुड़े सुमित आचार्य, प्रवीण शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, रूपचंद शर्मा एवं जितेंद्र शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पिहोवा पहुंचने पर वहां के प्रधान व सभा के सदस्यों ने प्रतिनिधिमंडल का समृद्धि चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने निमंत्रण पत्र को सहर्ष स्वीकार करते हुए माता मनसा देवी मंदिर, फतेहपुर में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया।

### सांसद नवीन जिन्दल ने आकांश ढुल को दी बधाई

**कैथल।** सांसद नवीन जिन्दल की ओर से आज युवा प्रतिभा आकांश ढुल को युनियन पब्लिक सर्विस कमीशन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने आकाश ढुल को सम्मानित करते हुए उन्हें तिरंगा भेंट किया। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा भावना का भी संदेश देता है। सांसद नवीन जिन्दल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आकांश ढुल की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र, समाज और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### कांग्रेस ने किया नारी शक्ति का अपमान : जांबा

**कैथल।** पूंडरी से विधायक सतपाल जांबा ने विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारी शक्ति वंदन पर जो भी प्रस्ताव लेकर आए हैं, वे उसका पुरजोर समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को नारी उत्थान के साथ ही प्राप्त किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी ने इस प्रस्ताव का बहिष्कार करके देवी रूपी नारी शक्ति का अपमान किया है। पूंडरी से जनता की सेवा में हर समय तत्पर रहने वाले विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जो प्रस्ताव लेकर आए है, वे उसका समर्थन करते है। उनका मानना है कि हमें अगर विकसित भारत का सपना साकार करना है तो नारी को अधिकार देना होगा।

---

#### गुहला में घग्गर टटियाना गेज, हांसी-बुटाना, सारोला साइफन का किया दौरा

# बाढ़ सुरक्षा प्रबंध के कार्यों में लाएं तेजी : डीसी अपराजिता

**मानसून से पहले व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

डीसी अपराजिता ने जिले में बाढ़ सुरक्षा प्रबंध के दृष्टिगत घग्गर टटियाना गेज, हांसी बुटाना सारोला साइफन का दौरा कर निर्माण कार्य एवं साइफन से निकाली जा रही गाद के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के अधिकारी मानसून से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें, ताकि पानी का प्रवाह सुचारू रूप से चले और आमजन व किसानों को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो।

उन्होंने सबसे पहले टटियाना गेज का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को घग्गर की सफाई के निर्देश दिए। नहरी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गेज के अनुसार 2023 में 84 हजार क्यूसिक पानी, 2025 में 56 हजार क्यूसिक पानी बाढ़ के दौरान आया था। आगामी मानसून के दृष्टिगत बाढ़ सुरक्षा प्रबंधों की तैयारियों को लेकर विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। डीसी ने गहनता से टटियाना गेज पर विभाग से संबंधित कार्य की फीडबैक ली। इसके बाद डीसी ने अधिकारियों से हांसी-बुटाना नहर पर चल रहे कार्य के बारे में जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने बताया कि हांसी बुटाना नहर पर मजबूतीकरण का कार्य चल रहा है। यह कार्य पटियाला रोड से खराल गांव तक लगभग 10 हजार फुट तक एक करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से होगा। इस पर इंटरलॉकिंग टाइलें लगाई जाएंगी। यह कार्य जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। डीसी ने कहा कि अबकी बार मानसून जल्द आने की संभावना है, इसलिए कार्य की गति को बढ़ाए। इसके बाद डीसी ने बीएमएल सरोला साइफन का निरीक्षण किया।


गुहला चीका। डीसी अपराजिता बाढ प्रबंधों का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एसडीएम कैथल संजय सिंह, एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह, डीआरओ चन्द्र मोहन, कार्यकारी अभियंता गुरविंदर सिंह, दिग्विजय शर्मा, वरूण कंसल, डीआईपीआरओ नसीब सिंह के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**किसानों ने रखी समस्या, मिला समाधान का भरोसा**

मौके पर अधिकारियों ने कहा कि सरोला साइफन पर गाद निकालने का कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा भविष्य में साइफन के नीचे के क्षेत्र को पक्का किए जाने का भी प्लान बनाया है। डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को गाद निकालने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देने के साथ-साथ एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह को नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए। यहां किसानों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। डीसी ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। डीसी ने निरीक्षण के दौरान निचले इलाकों, ड्रेनेज सिस्टम, तटबंधों और जल निकासी व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं भी जलभराव की समस्या न रहे, इसके लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाएं। डीसी ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

---

# एमडीएन स्कूल में 'लर्निंग साइकोलॉजी' पर सेमिनार


कैथल। आचार्य पवन विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- वक्ता बोले-सीखने की प्रक्रिया केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी अध्ययन क्षमता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में 'लर्निंग साइकोलॉजी' विषय पर एक प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर एवं पेरेंटिंग कोच आचार्य पवन ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डा. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डा. सन्त कौशिक द्वारा आचार्य पवन का तिलक, बैज एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत करते हुए किया गया। आचार्य पवन ने 'लर्निंग साइकोलॉजी' के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सीखने की प्रक्रिया केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनोविज्ञान, एकाग्रता और सकारात्मक सोच से गहराई से जुड़ी होती है। उन्होंने 'मेंटल ट्रैवल' की अवधारणा को सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी अपने विचारों को सही दिशा देकर अपनी कल्पना शक्ति एवं लक्ष्य निर्धारण को सशक्त बना सकते हैं।

**नियमित ध्यान, अभ्यास का महत्व बताया**

आचार्य पवन ने अत्यधिक विचारों को नियंत्रित करने के प्रभावी उपायों पर भी चर्चा की तथा विद्यार्थियों को नियमित ध्यान अभ्यास के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल विषय ज्ञान ही नहीं, बल्कि सही अध्ययन पद्धति, मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आचार्य पवन द्वारा दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को उनके सुझावों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

---

# विपक्ष महिलाओं के नाम पर केवल राजनीति करता है, भाजपा ने किया सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। बैठक में बातचीत करती भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी तथा सदस्य।

आज भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में जिला अध्यक्ष भाजपा कैथल ज्योति सैनी की अध्यक्षता में "जन आक्रोश महिला सम्मेलन" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार कमलेश ढांडा ने किया। सम्मेलन में महिलाओं ने नारी सम्मान और अधिकारों के पक्ष में आवाज बुलंद की। इस दौरान महिलाओं ने राहुल गांधी और विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भाजपा कैथल जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि विपक्ष केवल महिलाओं के नाम पर राजनीति करता है, जबकि वास्तविक सशक्तिकरण का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का श्रेय भाजपा की नीतियों और दृढ़ संकल्प को जाता है। इस अवसर पर ज्योति सैनी भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष, कमलेश ढाँडा पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार, अनिता चौधरी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा कैथल, शैली मुंजाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा कैथल, आशा रानी जिला सचिव भाजपा कैथल मौजूद रहीं।

### 31 मई तक बिल जमा करवाने पर मिलेगी छूट

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा जल एवं सीवरेज उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बकाया बिलों पर लगाए गए ब्याज, जुर्माने एवं सरचार्ज में विशेष छूट योजना लागू की गई है। इस योजना का क्रियान्वयन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, मंडल नंबर एक कैथल द्वारा किया जा रहा है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मई 2026 तक अपने लंबित बिल जमा करवाकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक कैथल अभिषेक शेर ने बताया कि हरियाणा सरकार आमजन को राहत देने तथा बकाया बिलों के निपटान के उद्देश्य से यह विशेष योजना लेकर आई है।

# नवीन जिंदल फाउंडेशन के मेडिकल वैन से 107 लोगों को मिला मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन मंगलवार को सीवन पहुंची। इस दौरान मेडिकल टीम ने 107 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं, जबकि 14 लोगों के मुफ्त लैब टेस्ट भी किए गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. बलिंद्र सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल का उद्देश्य है कि आमजन को महंगी होती चिकित्सा सेवाओं से राहत दिलाई जाए और उन्हें उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बुजुर्गों को मिल रहा है, जो बड़े अस्पतालों तक पहुंचने में असमर्थ रहते हैं। टीम न केवल मुफ्त दवाइयां प्रदान कर रही है, बल्कि समय-समय पर लैब टेस्ट के माध्यम से लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक भी कर रही है।


गुहला चीका। घर-द्वार पर मुफ्त जांच और दवाइयों का लाभ उठाते लोग।

---


कैथल। नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### सिग्नस अस्पताल में हुई पेंटिंग प्रतियोगिता

**कैथल।** कैथल शहर के जाने माने सिग्नस अस्पताल में एक भव्य पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से जादू बिखेरा। इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए सिग्नस अस्पताल और यूनिट हेड डॉ. रोहित मेहता की ओर से विजेताओं को ढेरों पुरस्कारों से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी सुशील प्रकाश और भाजपा नेता कैलाश भगत ने शिरकत की। उनके साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बच्चों द्वारा बनाई गई बेहतरीन पेंटिंग्स की सराहना की। मुख्य अतिथियों ने विजेता बच्चों को इनाम वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही बच्चों को सोशल मीडिया और मोबाइल की दुनिया से बाहर निकलकर ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से न केवल बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ता है, बल्कि उनकी हस्तकला और रचनात्मकता को भी नई पहचान मिलती है।

# कलायत नगर पालिका के कार्य में गड़बड़ी की आशंका, शुरू हुई जांच

- एसडीएम अजय हुड्डा ने महाराजा अग्रसेन पार्क के पास मिट्टी भराव की जांच को गठित की कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत में महाराजा अग्रसेन पार्क के पास सरकारी जमीन पर मिट्टी भराव कार्य में गड़बड़ी की आशंका को लेकर एसडीएम अजय हुड्डा ने जांच कमेटी गठित की है। मिट्टी भराव के कार्य में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतों पर एसडीएम ने यह संज्ञान लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी मंगलवार को जांच के लिए मौका स्थल पर पहुंची। जांच कमेटी सदस्य मनोनीत पार्षद राजेश बेदी ने बताया कि पिछले कुछ समय से महाराजा अग्रसेन पार्क के पास मिट्टी डालने का कार्य चल रहा था। स्थानीय स्तर पर और विभिन्न माध्यमों से यह जानकारी मिली कि इस कार्य में पारदर्शिता की कमी है। मिट्टी भराव की प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। आशंका जताई गई है कि जितना काम कागजों में दिखाया जा रहा है धरातल पर उतना काम नहीं हुआ है। इस स्थिति पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में कलायत के नायब तहसीलदार, नगर पालिका अकाउंटेंट, तहसील कार्यालय से पटवारी सुरेंद्र सिंह व मनोनीत पार्षद राजेश बेदी शामिल हैं। कमेटी से एसडीएम ने जल्द रिपोर्ट तलब की है।


कलायत। महाराजा अग्रसेन पार्क के पास मिट्टी भराव कार्य को जांचने पहुंची टीम। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### महाविद्यालय में पक्षियों के लिए जल पात्र रखे गए

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के संस्कृत विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण की भावना को सुदृढ़ करने हेतु महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए जल पात्र वृक्षों पर लगाए गए। भीषण गर्मी के प्रारंभ को ध्यान में रखते हुए यह पहल पक्षियों को जल उपलब्ध कराने तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से संयुक्त संयोजक डॉ. विनय सिंघल एवं डॉ. अनुकृति द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः (अथर्ववेद) श्लोक के आधार पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माता भूमिः' का भाव हमें प्रकृति से आत्मीय संबंध सिखाता है।

### कांग्रेस विधायक करवा रहे कैथल में विकास कार्य

**कैथल।** कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला विपक्ष में रहते हुए भी अपने हल्के में विकास कार्यों की लगातार झड़ी लगा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने शहर के वार्ड-26, माता गेट पर सामुदायिक भवन का निर्माण करवाकर वार्डवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गतदिवस इस नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर वार्डवासियों ने उनका भारी स्वागत किया और निर्माण कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इससे पहले भी विधायक सुरजेवाला कैथल हल्के के कई गांवों और शहरी वार्डों में विकास कार्यों का उद्घाटन कर चुके हैं, जिनमें गांव जसवंती, बलवंती, खुराना, फ्रांसवाला, सांगन, ढुंधरेहडी, जगदीशपुरा तथा कैथल शहर के वार्ड-21, 11, 13, 5, 3 और 4 शामिल हैं। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि हल्के में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### श्री हजूर साहिब की कराई जाएगी निःशुल्क यात्रा

**कैथल।** हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 5 मई को कुरुक्षेत्र से एक विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इच्छुक श्रद्धालु 30 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। डीसी अपराजिता ने बताया कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। चयन प्रक्रिया "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर होगी, इसलिए पात्र समय रहते आवेदन करे। यात्रा का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

### स्व-गणना कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करें

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास और योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा इस बार आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व-गणना) की सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत कोई भी नागरिक 30 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रखी जाती है। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत डेटा की गोपनीयता की कानूनी गारंटी है और इसे सुरक्षित सर्वर पर एनक्रिप्टेड रूप में रखा जाता है। डीसी अपराजिता ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत वर्तमान में मकानों की सूचीकरण और गणना का कार्य किया जा रहा है।

---

#### आरकेएसडी कॉलेज के मेधावियों का आईआईटी रुड़की में जलवा

# राष्ट्रीय नवाचार, उद्यमिता बूटकैंप में दिखा कैथल का दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

संस्थागत नवाचार परिषद (आईआईसी) एवं स्टार्ट-अप सेल के तत्वावधान में आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के विद्यार्थियों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की में 20 से 24 अप्रैल 2026 तक आयोजित प्रतिष्ठित "नवाचार, अभिकल्पना एवं उद्यमिता बूटकैंप में सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता की। यह बूटकैंप अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना विकसित करना, उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें कौशलों से सुसज्जित करना था। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों बी.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर के मनीष एवं अजय तथा बीसीए द्वितीय सेमेस्टर के मुकेश एवं देव शर्मा ने भाग लिया। बूटकैंप के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी एवं प्रायोगिक सत्रों, समूह गतिविधियों, केस अध्ययन तथा प्रस्तुतियों में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। यह बूटकैंप महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं प्रयासों से संभव हो सका, जिसमें डॉ. रचना सरदाना, संयोजक, संस्थागत नवाचार परिषद; डॉ. सूरज वालिया, तथा डॉ. मतीश गर्ग, अध्यक्ष, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा संस्थागत नवाचार परिषद और स्टार्ट-अप सेल के प्रयासों की सराहना की।


कैथल। कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

**बाजार की जरूरतों को समझने की दी जानकारी**

बूटकैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों को अभिकल्पना चिंतन की अवधारणा, समस्या की पहचान, समाधान निर्माण, प्रारूप निर्माण तथा विचारों के प्रभावी क्रियान्वयन की संपूर्ण प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, उन्हें स्थायी एवं व्यवहारिक व्यवसाय मॉडल विकसित करने, बाजार की आवश्यकताओं को समझने तथा नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को देश के सफल नवप्रवर्तनकर्ताओं एवं मार्गदर्शकों से संवाद का अवसर प्राप्त हुआ, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए उद्यमिता के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। साथ ही, आईआईटी रुड़की के स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर का शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। इस संपूर्ण अनुभव ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ किया।

## खबर संक्षेप

### सिसला में ट्रैक्टर की बैटरी चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव सिसला में चोरों ने एक किसान के ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ली। शिकायत पर तितरम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिसला निवासी बृजमोहन ने बताया कि 25 अप्रैल की रात उसके स्वराज ट्रैक्टर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैटरी चोरी कर ली। चोरी गई बैटरी की कीमत करीब 6 हजार रुपए है। जांच अधिकारी एएसआई राममेहर ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जाखौली में शराब ठेके से 55 हजार रुपये चोरी

**कैथल।** गांव जाखौली में चोरों ने शराब के ठेके को निशाना बना गल्ले से 55 हजार 910 रुपए चोरी कर लिए। शिकायत पर तितरम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जींद के अलेवा निवासी सोनू ने बताया कि उसने जाखौली में शराब का ठेका ले रखा है। 26-27 अप्रैल की रात करीब 1:53 बजे दो अज्ञात लोहे के खोखे के नट खोलकर अंदर दाखिल हुए और गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली। उस समय सेल्समैन अंदर सो रहा था, जिसे घटना का पता नहीं चला। करीब सवा 3 बजे एक ग्राहक के आने पर सेल्समैन जागा तो दरवाजे के नट खुले मिले और कैश गायब था। इसके बाद तुरंत मालिक को सूचना दी गई और 112 नंबर पर कॉल की गई। जांच अधिकारी एएसआई राममेहर ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिनभर अस्पताल परिसर में खड़े रहते हैं ई-रिक्शा व ऑटो

# नागरिक अस्पताल परिसर बना थ्रीव्हीलरों की पार्किंग

कभी भी गंभीर मरीजों के लिए खतरा बन सकते हैं ऑटो, नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग के मुख्य गेट तक पहुंचे ऑटो


जींद। नागरिक अस्पताल परिसर में खड़े ऑटो व ई-रिक्शा, जो आमजन के लिए परेशानी बन रहे हैं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का परिसर इन दिनों थ्रीव्हीलरों (ऑटो और ई रिक्शा) की अवैध पार्किंग में तबदील हो गया है। पूरा दिन नई बिल्डिंग के मुख्य गेट से लेकर अस्पतला परिसर के अंदरतक ऑटो और ई रिक्शा खड़े रहते हैं और सवारियों को ढोने का काम करते हैं। जिससे एम्बुलेंस और गंभीर मरीजों को ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होती है। अस्पताल प्रशासन ने इसे गंभीर सुरक्षा समस्या बताते हुए अब पुलिस की मदद से इन थ्रीव्हीलरों को हटाने का फैसला लिया है। प्रतिदिन सैंकडों मरीज आते हैं उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में रोजाना सैंकड़ों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और प्रसव के मामलों में एम्बुलेंस और निजी वाहनों को तुरंत प्रवेश की जरूरत पड़ती है लेकिन मुख्य गेट के आसपास थ्रीव्हीलर व ई रिक्शा खड़ा होने के कारण कई बार मूल्यवान समय बर्बाद हो जाता है।

### हर समय खड़े रहते हैं 15 से 20 ई रिक्शा

नागरिक अस्पताल में सुबह से दोपहर तक मुख्य गेट के पास, शव गृह के पास, वीटा बूथ के पास, आयुष विंग के पास 15 से 20 ऑटो और ई रिक्शा खड़े रहते हैं। पूरा दिन सवारियों को ढोने का काम करते हैं। ऐसे में कई बार एम्बुलेंस को घुमा कर अस्पताल परिसर तक लाना पड़ता है। जब ऑटो हटाने जाते हैं तो ड्राइवर बहस शुरू कर देते हैं। पूरा दिन पैसेंजर की तलाश करते हैं। इससे पूरे परिसर में अव्यवस्था फैल गई है।



### पीएमओ ने जताया कड़ा रुख

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. पूनिया ने इस समस्या पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर मरीजों के इलाज के लिए है न कि थ्रीव्हीलरों व ई रिक्शा खड़ा करने के लिए। मुख्य गेट तक ऑटो पहुंचने से गंभीर मरीजों की जान को खतरा पैदा हो रहा है। कई बार चालकों को समझाया लेकिन वे नहीं मान रहे। अब पुलिस की मदद लेंगे और ऑटो व ई रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि ऑटो ड्राइवर और ई रिक्शा चालक परिसर को अपना स्थायी स्टैंड बना चुके हैं। जब उन्हें हटाने की कोशिश की जाती है तो रोजाना झगड़े होते हैं।

# पश्चिम बंगाल व पंजाब में भाजपा की सरकार बनना तय : टेकराम कंडेला

- बंगाल के लोग बदलाव चाहते हैं और ममता बनर्जी की सरकार से तंग आ चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


टेकराम कंडेला।

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के गृहमंत्री अमित शाह की रैलियां में लोग भारी संख्या में पहुंचे है, उस से लगभग तय हो गया है कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। बंगाल के लोग बदलाव चाहते हैं और ममता बनर्जी की सरकार से लोग तंग आ चुके हैं। कंडेला ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और अनेक प्रकार के बातों से जैसे घुसपैठियों से लोग तंग आ चुके हैं। इस बार टीमसी पार्टी का सफाया कर दिया जाएगा। कंडेला ने आम आदमी पार्टी पर बोलते हुए कहा कि जिस तरह से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य केजरीवाल के तानाशाह व भ्रष्टाचार से तंग आ कर भाजपा में शामिल हुए हैं, इस पर पंजाब में भी बाहरी असर पड़ेगा। राघव चड्ढा और संदीप पाठक पर बोलते हुए कहा कि पंजाब का चुनाव जमीनी सत्र पर इन लोगों ने मेहनत करके पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का काम किया था। अब यह लोग पंजाब में पूरी तरह से भाजपा की सरकार लाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जिस प्रकार से हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी लगभग छह महीने से पंजाब में कार्यक्रम कर रहे हैं और भारी भीड़ जुटी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान से किसान, मजदूर व गरीब आदमी सभी दुखी व परेशान हैं और बदलाव चाहते हैं।

# मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए तालाबों में डाली गम्बूसिया मछली

- इनका उपयोग प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्प है, ये भोजन के रूप में मच्छर के लारवा को खाती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

गर्मी का मौसम शुरू होते ही मलेरिया, डेंगू बीमारी अपने पांव पसारना शुरू कर देती हैं। मलेरिया डेंगू बुखार मच्छरों के काटने से होता है। इसी कड़ी में जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार नगूरां, चांदपुर, हसनपुर, दिल्लूवाला, दालमवाला आदि गांव में बने तालाब में मच्छरों के बढते प्रकोप को रोकने के लिए मंगलवार को पीएचसी नगूरां के स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारी नरेंद्र कुमार, पुरूषोत्तम, कुलदीप, अनिल कुमार आदि ने गम्बूजिया मछली डाली, ताकि वेक्टर बोर्न बीमारियों पर नियत्रंण पाया जा सके। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि गम्बूजिया मछली की खास बात ये है कि गंबूजिया मछली एक आक्रामक विदेशी परजाती की मछली है। ये मछलियां विभिन्न प्रकार के पानी और तापमान में रहने में सक्षम है। मच्छरों के लारवा को मारने के लिए हानिकारक कीटनाशकों का उपयोग करने की बजाए इन मछलियों का उपयोग एक प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्प है, क्योंकि ये मछलियां भोजन के रूप में मच्छर के लारवा को खाती है।


अलेवा। नगूरां गांव के तालाब में गम्बूसिया मछली डालते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

# सीआरएस विश्वविद्यालय में एबीवीपी ने खोला कुलसचिव के खिलाफ मोर्चा

- प्रदर्शन कर फूंका पुतला, मांगों को लेकर ज्ञापन वीसी के ओएसडी को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। विश्वविद्यालय परिसर में वीसी के ओएसडी को मांगों से अवगत करवाते हुए छात्र।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं ने छात्रों की मांगों को लेकर कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर, पोस्टर और मांग पत्र लेकर पहुंचे तथा छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन को घेरते हुए कहा कि लंबे समय से विश्वविद्यालय में छात्रों की मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन देकर समय व्यतीत कर रहा है। कुलसचिव को छात्र समस्याओं से अवगत करवाया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई है। जींद विश्वविद्यालय अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने कहा कि जब तक छात्र हितों की मांगें पूरी नहीं होती तब तक परिषद चुप नहीं बैठेगी। यदि प्रशासन वास्तव में छात्र हितैषी है तो अधिकारियों को छात्रों के बीच आकर संवाद करना चाहिए लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद कुलसचिव कार्यालय से बाहर नहीं आई। जिससे छात्रों में और अधिक आक्रोश फैल गया और कुलसचिव का पुतला फूंका।

## राजौंद में सड़क निर्माण कार्य में देरी, पत्थर लगने से युवक घायल


राजौंद। राजौंद के सरकारी अस्पताल के सामने पत्थर लगने से घायल युवक, चेहरे पर आई चोट दिखाते हुए।

**राजौंद।** शहर के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब हालत के चलते उड़ती धूल और बिखरे पत्थर राहगीरों के लिए खतरा बन गए हैं। सोमवार को सरकारी अस्पताल के सामने एक युवक उस समय घायल हो गया जब सड़क पर पड़े पत्थर अचानक उसके चेहरे पर आकर लगे। इस हादसे में युवक के चेहरे पर गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। सड़क पर निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण छोटे-बड़े पत्थर इधर-उधर बिखरे रहते हैं और वाहनों के गुजरने से ये पत्थर तेजी से उछलकर राहगीरों को चोट पहुंचाते हैं। लोगों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। उन्होंने प्रशासन से संबंधित विभाग व ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने कि मांग की है और शीघ्र सड़क निर्माण कार्य को पूरा किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।


राजौंद। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद बैंक अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य।

## राजौंद में हरियाणा ग्रामीण बैंक का एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**राजौंद।** हरियाणा ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, कैथल द्वारा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय उद्यमियों को संस्थागत ऋण सुविधाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में बैंक के प्रधान कार्यालय से मुख्य प्रबंधक अमित गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक पीयूष कुमार ने उपस्थित लाभार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बैंक से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिनमें आढ़तियों के लिए आढ़तिया स्कीम, डॉक्टरों व अस्पतालों के लिए संजीवनी स्कीम, ट्रेड ग्रोथ, जीएसटी एक्सप्रेस, एमएसएमई प्लस तथा व्यावसायिक वाहनों के लिए ट्रांसपोर्ट स्कीम शामिल हैं। उन्होंने उद्यमियों से अपील की कि वे बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं।

## न्यूज डायरी

### हरियाणा को नशे ने उजाड़ दिया : रणदीप सुरजेवाला



**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर जोरदार हमला बोलते हुए उन्हें 'जुमलेबाज सीएम' करार दिया है। सुरजेवाला ने कहा कि सैनी साहब पंजाब में जाकर "कमल का फूल खिलने" और नशा बेचने वालों को पाकिस्तान भेजने वाले बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं, जबकि उनके अपने राज्य हरियाणा में नशे की महामारी ने गांव-शहर, स्कूल-खेल के मैदान तक को अपनी चपेट में ले लिया है। सुरजेवाला ने इसे "भद्दा मजाक" बताया और कहा कि पहले हरियाणा को नशा मुक्त करो, फिर पंजाब को उपदेश दो। सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से सवाल करते हुए पूछा कि सैनी साहब, हरियाणा में क्या शाहबाज शरीफ और जनरल आसिम मुनीर की सरकार चल रही है? या फिर नशा तस्करों को पाकिस्तान भेजने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार आपको रोक रही है? भाजपा की सरकार सत्ता के नशे में इतनी डूबी हुई है कि नशा माफियाओं को खुली छूट दे रखी है?



### मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

**उचाना।** नगर पालिका कार्यालय उचाना परिसर में अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी भूख हड़ताल रखी। दो दिवसीय यह भूख हड़ताल सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़ी नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर के तले की गई। भूख हड़ताल में बैठने वालों में शीला, राजेश, सतपाल, ओमी, ओमपति, संतरो, सुरजी शामिल रहे। कर्मचारियों ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन बहाल करना, क्षेत्रफल में आबादी के अनुसार नए पदों की भर्ती करना तथा फायर घटना अपनी जान गंवाने वाले दोनों कर्मचारियों को शहीद का दर्जा देना शामिल है।

### एसडीएम ने आढ़तियों व अधिकारियों की ली बैठक

**अलेवा।** आढ़तियों की समस्या का समाधान करने के लिए मंगलवार को उचाना के एसडीएम रमित यादव द्वारा खरीद एजेंसी के अधिकारियोंए आढ़ती एसोसिएशन व मार्केट कमेटी सचिव के साथ बीडीपीओ कार्यालय में एक बैठक ली गई। एसडीएम के समक्ष अपनी समस्या सुनाते हुए अनाज मंडी व्यापारी एसोसिएशन कमेटी के प्रधान गोबिंद लोहान ने कहा कि मंडी में सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड व स्टेट वेयर हाऊस द्वारा सात लाख पांच हजार 892 गेहूं के बैगों की खरीद की जा चुकी है। इनमें से दोनो खरीद एजेंसियों द्वारा आज तक चार लाख गेहूं के बैगों का उठान कराया गया है। पिछले दिनों उठान के लिए जींद में गोदाम बदलने के बाद कुछ दिनों तक तेजी आई थी लेकिन अब गोदाम में जगह नही होने के कारण दोबारा से दूसरे गोदाम में गेहूं के बैग लगाए जा रहे है। उक्त गोदाम में प्वाईंट कम मिलने के कारण उठान धीमा चल रहा है। उन्होने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसी द्वारा किसान की गेहूं की खरीद करने के बाद गोदाम में गेहूं के बैग लगने के बाद ही खाते में पेमेंट डाली जा रही है।


पूंडरी। विधायक सतपाल जाम्बा विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए।

### 5.28 करोड़ के विकास कार्यों से पूंडरी को मिली रफ्तार

**पूंडरी।** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए विधायक सतपाल जाम्बा द्वारा आज लगभग 5 करोड़ 28 लाख 44 हजार की विभिन्न जनहितकारी परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। ये सभी कार्य क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत सबसे पहले पूंडरी ड्रेन पर आईबीपी ब्लॉक रास्ते का उद्घाटन किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके पश्चात बरसाना में विष्णुपद तीर्थ के विकास कार्य का उद्घाटन किया गया, जो धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। दुसैन गांव में आरसीसी पाइपलाइन के शिलान्यास के माध्यम से जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य शुरू किया गया। वहीं ग्राम कौल में कपिलमुनि तीर्थ के विकास कार्य का उद्घाटन भी किया गया, जिससे क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान मिलेगी।

# दमकल कर्मचारियों की हड़ताल 21वें दिन भी जारी

- यूनियन नेताओं ने मंत्री के बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला-चीका। भूख हड़ताल पर बैठे दमकल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा एवं हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी संघ द्वारा घोषित प्रदेशव्यापी हड़ताल मंगलवार को 21वें दिन भी जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता पिरथी राम ने की, जबकि मंच संचालन अमर सिंह ने किया।

आज की भूख हड़ताल में नगरपालिका से चिंतो देवी तथा अग्निशमन विभाग से पिरथी राम और अमर सिंह शामिल हुए। सर्व कर्मचारी संघ इकाई प्रधान पवन शर्मा ने उन्हें माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। संघ के नेताओं ने बताया कि प्रदेश के अग्निशमन विभाग के नियमित और अनियमित कर्मचारी 8 अप्रैल से हड़ताल पर हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई, जिसमें उन्होंने कहा था कि "अग्निशमन विभाग का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।" यूनियन नेताओं ने इस बयान को जमीनी हकीकत से परे और गैर-जिम्मेदाराना बताया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 103 दमकल केंद्रों पर कुल 3158 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 2208 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से महज 568 कर्मचारी ही ड्यूटी पर हैं, जबकि 1648 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। ऐसे में भीषण गर्मी के दौरान रोजाना 30 से 40 आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आमजन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस स्थिति में विभाग के सुचारू रूप से चलने का दावा वास्तविकता को नजरअंदाज करना है। कुछ संगठन कर्मचारियों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं , जबकि प्रदेश का कच्चा कर्मचारी लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। मजदूर वर्ग न्यूनतम वेतन और कार्य के घंटों को लेकर सड़कों पर आंदोलन कर रहा है, ऐसे में इस तरह के आयोजन कर्मचारियों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

### सरिति ने गतका गेम में जीता कांस्य पदक



**जींद।** गत 22 से 24 अप्रैल को कोटा यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में हिंदू कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ी सरिती ने गतका गेम में कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। सरिती गतका की नेशनल मेडलिस्ट खिलाड़ी हैं। उन्होंने हाल ही में ऑल इंडिया गुरु भुबनेश्वर विश्वविद्यालय में हुई सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में भी चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि हमारी छात्राएं खेलों के साथ-साथ शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन करती रही हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## विधायक देवेंद्र अत्री ने किया भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ

# राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की बनेगी नई बिल्डिंग

नए भवन पर करीब 2.78 करोड़ रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। बिल्डिंग निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

घोघड़ियां गांव के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की नई दो मंजिला बिल्डिंग का निर्माण होगा। कमरों के जर्जर होने के चलते काफी लंबे समय से अभिभावक, छात्राओं द्वारा मांग की जा रही थी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने 2.78 करोड़ से बनने वाली नई बिल्डिंग निर्माण का भूमि पूजन के बाद नींव रख कार्य का शुभारंभ किया। यहां पहुंचने पर उनका बीईओ ओमप्रकाश आर्य ने स्वागत किया। ये बिल्डिंग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में बन रही है। 12 कमरों का निर्माण होगा। यहां पर आधुनिक कंप्यूटर, बायोलोजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री की लैब के साथ-साथ खेल मैदान भी बनेगा। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार राजकीय विद्यालयों में किसी भी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें। आज बेटी किसी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। ग्रामीण अंचल की बेटियां भी शिक्षा, खेल के क्षेत्र में निरंतर नाम रोशन कर रही है। निरंतर वो राजकीय स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से रूबरू होते है ताकि किसी तरह की विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ की मांग हो तो उसे पूरा किया जा सकें। विधायक ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सौर ऊर्जा एवं वाटर कूलर के लिए इसी बजट सत्र में धनराशि उपलब्ध करवाने का भी वायदा किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी नए भवन के लिए आठ कमरों मांग पर बोलते हुए कहा कि ये मांग भी जल्द से जल्द पूरी की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर प्राचार्य जितेंद्र सिंह, मुख्याध्यापिका सुनीता, सरपंच प्रतिनिधि दीपक बूरा, दिलबाग आर्य, महेंद्र श्योकंद, कुलबीर नंबरदार, रमेश कुमार, रामकुमार, रूप शर्मा, रामदिया शर्मा, दलबीर सिंह मौजूद रहे।*

### जनेदपुर में पशु बाड़े से 3 क्विंटल गेहूं चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** गांव जनेदपुर में चोरों ने पशुओं के बाड़े से गेहूं के कट्टे चोरी कर लिए। सीवन थाना पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जुनेदपुर निवासी जगीर सिंह ने बताया कि उनके घर के सामने पशुओं का बाड़ा है, जिसमें रखा करीब 3 क्विंटल गेहूं चोरी हो गया। 27 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति बाड़े से गेहूं का कट्टा चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। उसे शक है कि ये चोरी गांव पहाड़पुर निवासी भजना राम उर्फ भजु इस चोरी में शामिल हो सकता है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।